तापमान
अधिकतम 44 .7 डिग्री
न्यूनतम 30 .2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 16 जून 2024

13 सभी जल घरों के टैंकों में पानी किया गया स्टोर

14 माल गोदाम रोड पर सीवर फिर ब्लॉक सड़कों पर ..





## शहर में आज

- सैनी एजुकेशन कॉलेज और सैनी इंस्टीट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन कॉलेज में प्रबंधक कमेटी का चुनाव होगा सुबह 9 बजे से
- एमटीएफसी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा राजेश जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 4 बजे
- डीजेएमके पार्टी द्वारा राज्य स्तरीय नागरिक अभिनंदन समारोह जींद बाईपास पर शाम 6 बजे
- टिटौली स्थित स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ में शिविर सुबह 6 बजे से
- बालकपुरी मेमोरियल पार्क में योग शिविर सुबह 6.30 बजे से
- नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा

## बिजली कट

- सुबह 7 से 10 बजे तक डीएलएफ कॉलोनी, जगदीश कॉलोनी, चिन्योट कॉलोनी, रामनगर, नेताजी नगर, गांधीनगर, जवाहर नगर, आर्य नगर शिवम एनक्लेव, सर्कुलर रोड, गांधी कैंप, घनीपुरा, बैंक कॉलोनी में बिजली बंद रहेगी
- सुबह 8 से 10 बजे तक प्रेम नगर, दुर्गा कॉलोनी, चमनपुरा, संजय कॉलोनी, गुरु नानक पुरा, अशोक गली, सिविल अस्पताल के सामने का एरिया, पुलिस लाइन, आईसी कॉलेज, डीसी ऑफिस की सप्लाई बाधित रहेगी।

### गांव शिमली में वारदात, घायल धर्मेंद्र ने पुलिस में दी शिकायत, गंभीर आरोप

# श्मशान में तंत्र विद्या करने से मना किया तो सरपंच के पति पर पंचायत में हमला

**घायलों पर अस्पताल में बरसाई लाठियां**

- गांव में श्मशान घाट में तंत्र विद्या करने से रोकने के लिए ही पंचायत हुई थी जिसमें वारदात को अंजाम दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव शिमली में सरपंच मोनिका के पति धर्मेंद्र पर पंचायत से निकलते ही कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। घायल सरपंच पति को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां भी आरोपियों ने पहुंचकर घायल पर लाठियां बरसाते हुए हमला किया। आरोप है कि सरपंच पति पर यह हमला गांव के श्मशान घाट में तंत्र विद्या करने से रोकने पर किया गया है। गांव में श्मशान घाट में तंत्र विद्या करने से रोकने के लिए ही पंचायत हुई थी, जिसमें वारदात को अंजाम दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सरपंच पति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की।

**मारपीट के बाद जानकारी देते सरपंच पति**



**सिविल अस्पताल में मारपीट का सीसी टीवी**





### दो दिन पहले हुई पंचायत

गांव शिमली के सरपंच पति धर्मेंद्र ने पुलिस को शिकायत में बताया कि गांव में एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। दो दिन पहले हुई पंचायत में सरपंच प्रतिनिधि के तौर पर उन्हें बुलाया गया था। वहां बैठे लोगों व धर्मेंद्र ने गांव के ही एक आरोपी युवक व उसके साथ आए लोगों से कहा कि गांव की श्मशान भूमि में किसी भी प्रकार की तंत्र विद्या न करें। ऐसा करना गांव के हित में नहीं है। इसी बात को लेकर आरोपी व उसके साथी गाली-गलौज करने लगे।

साथ ही पंचायत में बहस शुरू कर दी और बाहर निकलते ही उस पर हमला कर घायल कर दिया। घायल होने पर धर्मेंद्र को जब रोहतक सिविल अस्पताल में लाया गया तो आरोपी वहां भी पहुंच गए और हमला कर दिया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### जान से मारने की दी धमकी

सरपंच पति धर्मेंद्र ने बताया कि पंचायत के बाद जब वह अपनी बैठक में वापस जा रहा था तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। वहीं आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़े। वहां गांव के लोग इकट्ठा हो गए, उनके सामने ही जान से मारने की धमकी दी गई। ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ा। धर्मेंद्र ने कहा कि आरोपी प्लानिंग बनाकर हमला करने आए थे, जो साथ में हथियार लिए हुए थे। आरोपी युवक ने पहले भी कई बार किसी ना किसी बहाने से झगड़ा करने की कोशिश की है।

### अस्पताल में भी की मारपीट

सरपंच पति धर्मेंद्र ने कहा कि आरोपी के रिश्तेदार शमशान घाट में तंत्र विद्या करते है। वहीं आरोपी के भाई भी उसकी शिकायत लेकर 13 जून को उसके पास आए थे। इसके बाद जब गांव में पंचायत हुई तो उस दौरान आरोपियों ने हमला कर दिया। जिसमें गांव शिमली निवासी संतराम, मुकेश व संदीप घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। अस्पताल में पहुंचकर आरोपियों ने घायलों पर लाठी-डंडों से हमला किया।

### की जा रही जांच

आरोपी राहुल जैन को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। वहीं कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा। इधर, पीड़ित महिला की शिकायत पर केस भी दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। **-अशोक कुमार**, सिटी थाना, जांच अधिकारी

## तंत्र-मंत्र से घर में सुख शांति के नाम पर 16.53 लाख ठगे

- महिला ने सिटी थाना पुलिस को शिकायत दी

**रोहतक।** महाजन पड़ाव मोहल्ला की एक महिला से तंत्र-मंत्र के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला से करीब 16 लाख 53 हजार की धोखाधड़ी की है। जिसकी शिकायत महिला ने सिटी थाना पुलिस को दी। महाजन पड़ाव मोहल्ला की आशा रानी ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसके पास दो बच्चे हैं। उसके पति का 2017 में देहांत हो गया था। नवंबर 2023 में उनके पड़ोस में व्यक्ति आकर रहने लगा, जिससे जान पहचान बनी। उसके पड़ोसी ने कहा कि वह हरिद्वार व गुरुग्राम में रहा है और तंत्र-मंत्र सीखे हैं। उसने कहा कि ग्रह ठीक नहीं हैं, तंत्र-मंत्र से ग्रह ठीक कर दूंगा। जिससे घर में शांति हो जाएगी और लड़के की शादी भी हो जाएगी। पीड़िता महिला ने शिकायत में बताया कि घर की स्थिति सुधारने के लिए वह आरोपी की बातों में आ गई और वह रुपये एंठने लगा। आरोपी ने फरवरी में 50 हजार रुपये धोखाधड़ी से लिए। इसके बाद आरोपी रुका नहीं और ग्रह ठीक करने के लिए सोने-चांदी के आभूषण की जरूरत बताई। आरोपी ने महिला से एक चेन, 2 कड़े, 2 अंगूठियां, कान के बाले व नाक की नथ धोखाधड़ी से ले ली।

### एफडी तुड़वाकर दिए 11.50 लाख

इसके बाद आरोपी कहने लगा कि वह अपनी बेटी के शादी उसके बेटे से करवा देगा। आरोपी ने शादी का झांसा देकर ग्रह ठीक नहीं होने की बात कही। उसके झांसे में आकर महिला ने अपने बैंक खाते से व एफडी तुड़वाकर करीब 10 लाख रुपये नकद दिए। 3 जून को अपनी बेटी की एफडी तुड़वाकर डेढ़ लाख रुपये उसे दे दिए। इसके बाद आरोपी उससे 5 हजार रुपये की मांग करने लगा। महिला का आरोप है कि रुपये ऐंठने में आरोपी की मदद उसकी बेटी व दामाद भी कर रहे थे। उन्होंने महिला को बेटे की शादी का झांसा देकर धोखाधड़ी का शिकार बनाया। उनसे कुल 16 लाख 53 हजार की नकदी व गहने ठगे हैं।

### सामान खरीदकर लौट रही महिला के साथ वारदात

# आर्य नगर में रात 9 बजे मोबाइल झपट ले गए स्कूटी सवार स्नेचर

- आरोपी कैमरे में हुए कैद पुलिस कर रही छानबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



घायल महिला आप बीती बताती हुई।

आर्य नगर चौक के पास स्कूटी सवार दो युवकों ने महिला से मोबाइल फोन झपट लिया। महिला ने शोर मचाया लेकिन तब तक आरोपी दूर तक फरार हो गए। इस दौरान एक आरोपी की उंगली महिला की आंख में लग गई जिससे आंख में चोट लग गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। महिला की शिकायत पर आर्य नगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने के लिए आसपास के एरिया के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। ऐसी वारदातों से महिलाओं में दहशत का माहौल बना हुआ है। साथ ही आर्य नगर जैसे भीड़भाड़ वाले एरिया में स्नेचिंग ने पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठा दिए हैं।

अमित कपूर ने बताया कि उनकी पत्नी सविता शुक्रवार की शाम करीब नौ बजे आर्य नगर से घर का सामान लेकर लौट रही थी। इस दौरान दो युवक डार्क ग्रे या ब्लैक रंग की स्कूटी पर आए। स्कूटी चालक ने लाल रंग की टी शर्ट पहनी हुई थी। सविता ने मोबाइल कॉल अटेंड करने के लिए मोबाइल को कान से लगाया ही था कि आरोपी मोबाइल फोन झपट ले गए। युवक के हाथ की उंगली आंख में लग गई। जिससे महिला घायल हो गई। उन्होंने शोर मचाया लेकिन आरोपी दूर जा चुके हैं। वह कैमरे में कैद हुए हैं।

### बच्चों ने दिया था मोबाइल गिफ्ट

अमित कपूर ने बताया कि ऐसी वारदात किसी के साथ भी हो सकती है। यह मोबाइल फोन बच्चों ने अपनी मां को गिफ्ट किया था, जिससे यादें जुड़ी हुई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि आर्य नगर जैसे भीड़ भाड़ वाले बाजार में ऐसी वारदात दहशत पैदा करता है।

# राजेंद्र नगर में पति-पत्नी में झगड़ा, घर में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुखपुरा चौक के पास राजेंद्र नगर में पति-पत्नी में झगड़े का मामले सामने आया है। पति ने अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करके नशे की हालत में घर में आग लगा ली। इस दौरान आस-पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। सुखपुरा चौकी पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि वह राजेंद्र नगर की रहने वाली हूं। मेरी उम्र 68 वर्ष है। शादी के बाद से ही मुझे कोई बच्चा न होने के कारण मेरा भतीजा बचपन से ही मेरे पास रहता है। मेरा दूसरा भतीजा भी राजेन्द्र नगर में ही रहता है। मेरा पति नशे करता है। जिसने हमारे साथ झगड़ा करके घर से बाहर निकाल दिया था। मैं व मेरा भतीजा दूसरे भतीजे के मकान में ठहरे हुए थे। 14 जून की रात को मेरा पति नशे में गालिया दे रहा था। मैं व मेरा भतीजा जब अपने मकान में गए तो मेरे पति ने गेट अंदर से बंद कर लिया और घर में आग लगा दी। जिससे स्कूटी जलकर राख हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

# नशा तस्करों की धर पकड़ के लिए डॉग स्क्वायड के साथ होटलों को खंगाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने नशा तस्करों की धर पकड़ के लिए होटलों में छापेमारी की और तलाशी ली। इस दौरान डॉग स्क्वायड की भी मदद ली गई। हरियाणा में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हिसार बाईपास एरिया में होटल व संबंधित स्थानों पर टीम ने सर्च अभियान चलाया।



**रोहतक।** होटल व आसपास के एरिया में डॉग स्क्वायड के साथ सर्च अभियान चलाती हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम।

### टीम में शामिल

इंचार्ज निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि यूनिट की टीम द्वारा शनिवार को रोहतक हिसार बाईपास रोड स्थित होटलों व आसपास के एरिया में डॉग स्क्वायड के साथ सर्च अभियान चलाया। कई इलाकों में छानबीन की गई। टीम में उप निरीक्षक जयबीर की अगुवाई में एएसआई प्रेम कुमार, सिपाही प्रमोद व पीआरओ विजय शामिल रहे। यूनिट पीआरओ ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान आमजन से अपील की गई है कि अगर कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दें, तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें। ताकि नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा सके। दी हुई सूचना पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाएगी एवं सूचना देने वाले का नाम किसी भी सूरत में उजागर नहीं किया जाएगा।



# एमएफ में 8-4-3 का नियम तो खटाखट बढ़ेगा पैसा

- म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए यह एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी
- हर माह 21,250 निवेश करेंगे तो 8 साल में 33.37 लाख बनेंगे
- 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचाने में कामयाब होंगे
- धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करें


*निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस रणनीति में यह अनुमान लगाया जाता है कि निवेश सालाना किस दर से बढ़ेगा। इससे कम्पाउंडिंग की ताकत को समझने में मदद मिलती है और निवेशक आसानी से अपना पैसा बढ़ा लेता है।*

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

पैसा आज की सबसे बड़ी जरूत है। हर किसी को पैसा चाहिए। पैसा बढ़ाने का कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन थोड़ी सावधानी के साथ निवेश किया जाए तो आप कंपाउंड का लाभ लेकर आसानी से कुछ ही समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं और करोड़पति बन सकते हैं। हर कोई करोड़पति बनने की चाहत रखता है। इसे पर्सनल फाइनेंस में एक मील के पत्थर के तौर पर देखा जाता है। अक्सर लोग पूछते हैं क करोड़पति बनने के लिए क्या करना होगा? क्या 1 करोड़ रुपये जमा करने के लिए कसिी तय समय की जरूरत है? क्या इतनी रकम जोड़ पाना संभव है? इन सभी सवालों का जवाब 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल में है। दरअसल, किसी भी फाइनेंशियल टारगेट तक पहुंचने के लिए आपके हाथ में जरूरी समय होना चाहिए। इसके लिए तय समय तक एक निश्चित रकम का निवेश करने की जरूरत होगी। अनुशासन और चक्रवृद्धि की ताकत (कम्पाउंडिंग पावर) से समय के साथ अपनी बचत को दोगुना या तिगुना करना मुमकिन है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएंगे कि म्यूचुअल फंड में 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल क्या है। निवेशक क्यों इसे निवेश की सबसे लोकप्रिय स्ट्रैटजी बता रहे है। यह नियम कैसे पैसा बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है।

### क्या है 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल

म्यूचुअल फंड की दुनिया में 8-4-3 रूल बढ़ते निवेश में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दर्शाने में मदद करता है। इसके जरिये एक करोड़ रुपये या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल एक कॉन्सेप्ट है। इसका इस्तेमाल समय के साथ आपके निवेश को बढ़ाने में चक्रवृद्धि ब्याज की ताकत को दिखाने के लिए किया जाता है। अगर हम इसे ध्यान से देखें तो यह कोई निवेश रणनीति नहीं है, बल्कि ग्रोथ की संभावित रफ्तार को समझने का एक सरल तरीका है। निवेश करने जा रहे हैं तो यह जान लें कि 8-4-3 इंवेस्टमेंट रूल म्यूचुअल फंड में एक लोकप्रिय स्ट्रैटेजी है। यह नियम इस बात पर आधारित है कि समय और चक्रवृद्धि ब्याज निवेश में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### कैसे लागू होता है 8-4-3 का नियम?

पहले 8 सालों में आप अपने निवेश में स्थिर बढ़ोतरी देखते हैं। फिर अगले 4 सालों (वर्ष 9-12) में निवेश की ग्रोथ पहले 8 सालों के बराबर हो सकती है। यानी आपने पहले 8 सालों में जितना पैसा बनाया वह 4 साल में बनने लगता है। फिर अंतिम 3 सालों (वर्ष 13-15) में निवेश की बढ़ोतरी पिछले 4 सालों जितनी हो सकती है।

### पूरा कॉन्सेप्ट ऐसे समझें

- निवेश में 8-4-3 रूल के असर को समझने के लिए एक उदाहरण लेते हैं। मान लेते हैं कि आप ऐसे किसी इंस्ट्रूमेंट में पैसा लगाते हैं, जिसमें 12 फीसदी सालाना चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है। इसके जरिये हर महीने 21,250 रुपये का निवेश करके आप 8 साल में 33.37 लाख रुपये तक पहुंच सकते हैं। इसी तर्ज पर निवेश करते हुए अगले 4 साल में आप और 33 लाख रुपये अर्जित कर लेंगे। यानी पहले के मुकाबले इस बार आधा समय लगता है। बाकी 33.33 लाख रुपये सिर्फ तीन वर्षों में बचाए जा सकते हैं।
- इस तरह 15 साल के बाद आप 1 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएंगे। लगातार निवेश के साथ 21वें वर्ष तक आप 2.22 करोड़ रुपये बचा सकते हैं। यानी यह छह सालों में आपकी 1 करोड़ रुपये की राशि को दोगुना कर देगा।
- 22वें साल तक आप सिर्फ एक साल में 33 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। इसका श्रेय चक्रवृद्धि ब्याज को जाता है। ध्यान दें कि इस उदाहरण में वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज का इस्तेमाल किया गया है।

### यह भी अहम

बदलती बाजार स्थितियों और रुझानों के साथ अपने निवेश को समायोजित करना महत्वपूर्ण है। यह गतिशील दृष्टिकोण जोखिमों को कम करने और अवसरों को भुनाने में मदद करता है। 8-4-3 नियम को समझने से विश्वसनीय दीर्घकालिक निवेशों के बारे में जानकारी मिलती है। इस नियम का पालन करने से जोखिम कम हो सकता है, महंगाई से बचाव हो सकता है और बाजार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है। बाजार की स्थिति चाहे जो भी हो, धैर्य और अनुशासन के माध्यम से धीरे-धीरे धन अर्जित करना संभव है।

## स्मॉल-कैप फंड में निवेशकों का भरोसा बरकरार, बन रहे रिकॉर्ड

- मई में 2,724 करोड़ का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ ज्यादा
- इक्विटी एमएफ में मई महीने में निवेश 84% तक बढ़ा
- इक्विटी में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ रुपये पहुंचा
- लोगों ने सेक्टोरल व थेमेटिक फंड्स में खूब निवेश किया
- इस दौरान सेक्टोरल/थेमेटिक फंड्स में 272% इनफ्लो बढ़ा
- हालांकि, डेट म्यूचुअल फंड में नेट इनफ्लो 78% हुआ कम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड खासकर स्मॉल कैप फंडों में लोगों का उत्साह जारी है। तभी तो बीते मई महीने के दौरान इस निवेश में जोरदार बढ़त देखने को मिली। स्मॉल-कैप फंड में लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुझान बढ़ता दिखा। मई में 2,724 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो अप्रैल में 2,208.70 करोड़ रुपये से अधिक है। ईएलएसएस और फोकस्ड फंड को छोड़कर सभी इक्विटी कैटेगरी ने मई में पोजिटिव इनफ्लो हुआ। हालांकि, ओपन-एंडेड म्यूचुअल फंड में ओवरऑल इनफ्लो मई में 54% घटकर 1.11 लाख करोड़ रुपये रह गया, जबकि अप्रैल में यह 2.40 लाख करोड़ रुपये था। वहीं देखा जाए तो इक्विटी म्यूचुअल फंड भी मई में 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने यानी अप्रैल के मुकाबले 83 फीसदी अधिक है। इससे पहले इसी साल अप्रैल महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में 18,917 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था।




**डेट फंड से पैसे निकाले :** बीते महीने डेट म्यूचुअल फंड में नेट इन्फलो में अच्छी-खासी गिरावट देखी गई। अप्रैल में यह 1.89 लाख करोड़ रुपये पर था जो कि मई महीने में 78% गिरकर 42,294 करोड़ रुपये रह गया। शॉर्ट-ड्यूरेशन फंड, मीडियम-ड्यूरेशन फंड, डायनेमिक बॉन्ड फंड, क्रेडिट रिस्क फंड, गिल्ट फंड और फ्लोटर फंड में निवेशकों ने पैसा निकला। फ्लोटर फंड (546.41 करोड़) और क्रेडिट रिस्क फंड( 540 करोड़) में सबसे अधिक निवेशकों ने पैसे निकाले।

### एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक रहा। एसआईपी के जरिए मंथली कांट्रिब्यूशन बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया। यह अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन स्कीम्स में मंथली निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है।

### निवेशकों को मिला मौका

मई में आम चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान बीच-बीच में शेयर बाजार में करेक्शन हुआ। इस करेक्शन ने निवेशकों को बाजार में कुछ खरीदारी का मौका दिया। इसके अलावा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में वापस आने की उम्मीद ने भी निवेशकों की खरीदारी को बढ़ावा दिया। आखिर कर एनडीए की सरकार भी बन गई।

### अब तक का सबसे अधिक निवेश

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इस साल मई महीने के दौरान इक्विटी म्यूचुअल फंड में अब तक का सबसे अधिक निवेश हुआ है। इसकी वजह न्यू फंड ऑफर (एफएफओ) और सेक्टोरल/थेमेटिक स्कीम में 272% की मजबूत वृद्धि देखी गई। इन स्कीम्स में मई में 19,213.43 करोड़ रुपये का इनफ्लो रहा। अप्रैल में यह 5,166.05 करोड़ रुपये था। मई महीने में एनएफओ के जरिए निवेश बढ़कर 10,140 करोड़ रुपये हो गया है। अप्रैल में 1,536 करोड़ से यह काफी अधिक है।

## म्यूचुअल फंड स्कीम, मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को दे रही टक्कर

- सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में सुरक्षित भी
- इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी निवेश की कई कटेगरी
- लार्जकैप, मिडकैप व स्मॉलकैप फंड के जरिए निवेश
- रिटर्न देने में भी किसी से पीछे नहीं है एमएफ

आप भी निवेशक हैं या निवेश करने जा रहे हैं तो जरा ठहरिये। निवेश से पहले एक बार बाजार का रुख देख लें। अपनी रिस्क क्षमता और लक्ष्य का चुनाव कर लें। क्योंकि पैसा कमाने का कोई छोटा रास्ता नहीं होता है। हां अब धैर्य और प्लानिंग के साथ निवेश किया जाए तो आपको कुछ ही समय में पैसे वाला बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि निवेश करते समय अलर्ट रहें, ताकि आपको नुकसान न हो। क्या आपको किसी स्कीम या विकल्प में पैसा लगाकर सिर्फ एक साल में 60 फीसदी या 70 फीसदी रिटर्न मिला है। जब इतने हाई रिटर्न की बात होती है मन में अक्सर स्टॉक मार्केट का ध्यान सबसे पहले आता है, लेकिन बहुत से निवेशक स्टॉक मार्केट में शामिल रिस्क को देखकर डर जाते हैं या उन्हें स्टॉक मार्केट की बहुत अच्छी जानकारी नहीं होती है। ऐसे में वे निवेश का फैसला नहीं ले पाते, लेकिन एक और विकल्प है, जो स्टॉक मार्केट की तुलना में काफी हद तक सुरक्षित माना जाता है और रिटर्न देने के मामले में भी कहीं से पीछे नहीं है। हम बात कर रहे हैं म्यूचुअल फंड बाजार की, जहां कई ऐसी स्कीम मौजूद हैं, जिनका एक साल का रिटर्न 65 फीसदी से 77 फीसदी रहा है। इस रिपोर्ट में हम आपको बताने जा रहे हैं म्यूचुअल फंड कर कुछ ऐसी स्कीम जो मुनाफा देने में स्टॉक मार्केट को भी कड़ी टक्कर दे रही हैं। इन योजनाओं में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और कम समय में ही अमीर यानी करोड़पति भी बन सकते हैं।

योजना
बिजनेस डेस्क

### वर्ष में रिटर्न देने में टॉप स्कीम

- क्वांट मिडकैप फंड : 76.53%
- बंधन स्मॉलकैप फंड : 71.95%
- आअर्टीआई मिडकैप फंड : 71.80%
- एबीएसएल निफ्टी स्मॉलकैप 50 इंडेक्स : 71.09%
- क्वांट लार्ज एंड मिडकैप फंड : 69.62%
- आईटीआई स्मॉलकैप फंड : 67.98%
- आईसीआईसीआई प्रू भारत 22 एफओएफ : 67.32%
- क्वांट स्मॉलकैप फंड : 66.18%
- बैंक ऑफ इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड : 65.54%
- जेएम फ्लेक्सी कैप फंड : 65.34%

### सीधे स्टॉक में पैसा लगाने से ज्यादा सुरक्षित

बाजार के जानकारों के अनुसार म्यूचुअल फंड में निवेश, सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश की तुलना में एक सुरक्षित विकल्प माना जाता है। इक्विटी म्यूचुअल फंड में भी स्टॉक मार्केट की तरह ही अलग-अलग कैटेगरी हैं। मसलन लार्जकैप, मिडकैप या स्मॉलकैप फंड। जो निवेशक सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश का रिस्क नहीं लेना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिटर्न की इच्छा रखते हैं, उनके लिए म्यूचुअल फंड बेहतर विकल्प है। असल में किसी म्यूचुअल फंड स्कीम में अलग अलग कंपनियों के स्टॉक शामिल होते हैं। वहीं, कुछ स्कीम में अलग अलग सेक्टर से अलग अलग स्टॉक निवेश के लिए चुने जाते हैं।



### फंड मैनेजर की देखरेख में होता है निवेश

म्यूचुअल फंड की एक और खासियत है कि इसमें कुशल फंड मैनेजर की देखरेख में निवेश किया जाता है। फंड मैनेजर अपनी स्टडी या रिसर्च के आधार पर किसी म्यूचुअल फंड के पोर्टफोलियो में शेयरों को शामिल करता है। उनका ध्यान मजबूत ग्रोथ वाली और मुनाफा कमाने वाली कंपनियों पर होता है, ताकि इसका फायदा स्टॉक में ग्रोथ के रूप में मिले। किसी एक स्टॉक में पैसा लगाने की बजाए फंड मैनेजर अलग-अलग सेक्टर के मजबूत फंडामेंटल वाले शेयरों का चयन करता है। इसमें एक और सुविधा है कि अगर एकमुश्त पैसा नहीं लगाना चाहते तो सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के जरिए मंथली बेसिस पर निवेश कर सकते हैं।

### लगातार बढ़ रही है पॉपुलैरिटी

म्यूचुअल फंड्स की लोकप्रियता निवेशकों में बढ़ रही है। एएमएफआई के आंकड़ों के मुताबिक मई 2024 में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश 84 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड 34,670.9 करोड़ रुपये हो गया, जबकि अप्रैल में 18,888 करोड़ रुपये रहा। सेक्टोरल फंड्स में मंथली बेसिस पर 272 फीसदी इनफ्लो बढ़ा है। डेट म्यूचुअल फंड्स में 42,295 करोड़ का निवेश आया। म्यूचुअल फंड में न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) के जरिए 10,140 करोड़ का निवेश आया है। म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम मंथली बेसिस पर 2.9 फीसदी बढ़कर 58.91 लाख करोड़ हो गया है।

### मई में यह रहा इनफ्लो

मई 2024 में इक्विटी कैटेगरी में फ्लेक्सी फंड्स में 3,155.07 करोड़ का इनफ्लो रहा। स्मालकैप फंड्स में 2,724.67 करोड़, मल्टीकैप फंड्स में 2,644.88 करोड़, मिडकैप फंड्स में 2,605.70 करोड़, लार्ज एंड मिड कैप में 2,396.91 करोड़, वैल्यू/कॉन्ट्रा फंड में 1,404.34 करोड़, लार्ज कैप में 663 और डिविडेंड यील्ड फंड में 445.2 करोड़ का इनफ्लो हुआ।

### इसलिए करें म्यूचुअल फंड में निवेश

आप किसी भी दिन कितने भी म्यूचुअल फंड खरीद और बेच सकते हैं, जबकि यह बैंक एफडी, पीपीएफ या बीमा को आप सरकारी छुट्टी या रविवार को नहीं खरीद बेच सकते हैं। म्यूचुअल फंड आपको कम निवेश में कई स्टाक और बांड लेने की सुविधा देता है। आप जिस म्यूचुअल फण्ड में निवेश करते हैं उस फण्ड में से किसी एक जगह पैसा नहीं लगाया जाता है।

**अलर्ट** इंश्योरेंस बीमा खरीदते समय अक्सर इसे निवेश समझ बैठते हैं, इसके कारण लंबी अवधि में काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है

निवेश के लक्ष्य से भटकें नहीं, पैसा बढ़ाने के लिए हमेशा धैर्य रखें और आगे बढ़ते जाएं


## बीमा और निवेश को नहीं करें घालमेल, वरना होगा नुकसान फायदे में रहना है तो निवेश व बीमा हमेशा अलग-अलग रखें

वित्तीय प्लानिंग
बिजनेस डेस्क

इंश्योरेंस कवरेज यानी बीमा और निवेश को (घालमेल) करना ठीक नहीं है। ऐसा करने से आप अपने निवेश के लक्ष्य से भटक जाएंगे और काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बीमा और निवेश के अपने अपने लाभ हैं। इसलिए दोनों को अलग-अलग ही रखें और अपनी जरूतों को पूरा करें। अक्सर लोग पॉलिसी खरीदते समय सबसे बड़ी भूल कर बैठते हैं वह है इंश्योरेंस प्लान में उसकी मेच्योरिटी वैल्यू या निवेश पर रिटर्न की तलाश करना। दरअसल, ऐसी सोच एक बड़ी गलतफहमी का नतीजा है, जो बड़ी संख्या में लोगों को रहती है। ये गलतफहमी है बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखने की। बीमा खरीदने वाले मैच्योरिटी बेनिफिट और रिटर्न को एक्स्ट्रा बेनिफिट की तरह देखते हैं तो निवेश करने वाले इंश्योरेंस को अतिरिक्त लाभ मान लेते हैं, लेकिन सच यह है कि बीमा और निवेश में घालमेल करने की यह मानसिकता लंबी अवधि में आर्थिक तौर पर भारी नुकसान करा सकती है। इसलिए बीमा करवाते और निवेश करते समय यह ध्यान रखें।

### बीमा को निवेश समझना क्यों गलत

जानकारों का मानना है कि सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि बीमा पॉलिसी को निवेश की तरह देखना गलत है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब आप अपने पैसे कहीं निवेश करते हैं, तो आप वहां से रिटर्न हासिल करने की उम्मीद करते हैं। इसी उम्मीद की वजह से लोग बीमा कंपनी को दिए गए प्रीमियम के बदले में रिटर्न या मेच्योरिटी बेनिफिट खोजने लगते हैं। इसी चक्कर में वे कम कीमत में ज्यादा कवरेज देने वाले टर्म प्लान को रिजेक्ट करके ऐसे एंडोमेंट प्लान को चुन लेते हैं, जिनमें उन्हें जीवित रहने पर सर्वाइवल बेनिफिट के तौर पर कुछ पैसे मिल जाते हैं। उन्हें लगता है कि टर्म प्लान खरीदने में कोई फायदा नहीं है, क्योंकि उसमें कोई सर्वाइवल बेनिफिट नहीं मिलता है। ऐसा सोचने वाले निवेशकों को यह ध्यान नहीं रहता कि एंडोमेंट पॉलिसी में उन्हें काफी ऊंचा प्रीमियम देने के बावजूद कम कवरेज से काम चलाना पड़ता है, जबकि प्योर टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी उन्हें बेहद कम प्रीमियम में अच्छा-खासा कवरेज देती है। टर्म इंश्योरेंस जीवन बीमा का सबसे सस्ता और सबसे अच्छा रूप है, क्योंकि जीवन बीमा का मकसद रिटर्न पाना नहीं, आर्थिक सुरक्षा हासिल करना है।



### कैसे लें पूरा लाभ

अगर बीमा और निवेश को अलग-अलग रखना है, तो दोनों का पूरा लाभ लेने का सही तरीका क्या होगा? आखिर अगर आप एंडोमेंट प्लान के लिए ऊंचा प्रीमियन भरने को तैयार हैं, तो बेहतर होगा अगर आप उसी रकम को दो हिस्सों में बांट लें। एक हिस्सा टर्म प्लान के जरिए बड़ा इंश्योरेंस कवरेज खरीदने पर खर्च करें और बाकी रकम को किसी इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी के जरिए निवेश करें। इस तरह आप उतनी ही रकम खर्च करके ज्यादा कवरेज हासिल कर लेंगे और निवेश की सही रणनीति अपनाकर ऊंचा रिटर्न भी ले पाएंगे।

### इसे ऐसे समझें

अगर 30 साल का व्यक्ति अगर 65 साल की उम्र तक कवरेज देने वाले 1 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीदना चाहे तो उसका सालाना प्रीमियम महज 12 हजार रुपये से शुरू होता है। जबकि एंडोमेंट प्लान में इतना ही कवरेज खरीदने के लिए उसे सालाना करीब 2.80 लाख रुपये का प्रीमियम देना पड़ेगा। इस प्लान में उसे 65 साल की उम्र में यानी 35 साल बाद 1 करोड़ रुपये का सम एश्योर्ड, 1.68 करोड़ रुपये का बोनस और 2.30 करोड़ रुपये का फाइनल बोनस एडिशन मिलाकर मैच्योरिटी बेनिफिट के तौर पर कुल 4.98 करोड़ रुपये मिलेंगे. जबकि 35 साल में उसने करीब 98 लाख रुपये प्रीमियम के तौर पर चुकाए होंगे. यानी अपने निवेश पर करीब 4 करोड़ रुपये का लाभ होगा। ये कैलकुलेशन एक प्रमुख बीमा कंपनी के एंडोमेंट प्लान कैलकुलेटर पर आधारित हैं।

### टर्म प्लान + म्यूचुअल फंड का कंबिनेशन

अब जानते हैं कि 30 साल का वही निवेशक अगर सालाना 2.80 लाख रुपये की उसी रकम को टर्म प्लान और इक्विटी म्यूचुअल फंड में बांटकर निवेश करे, तो क्या होगा? क्या वो एंडोमेंट प्लान के मुकाबले ज्यादा कवरेज और रिटर्न दोनों हासिल कर सकता है? 30 साल का व्यक्ति चाहे तो करीब 20 हजार रुपये के सालाना प्रीमियम में ऑनलाइन पोर्टल्स के जरिए 2 करोड़ रुपये का टर्म प्लान खरीद सकता है। बाकी बचे 2.60 लाख रुपये अगर 21,666 रुपये के मंथली एसआईपी के जरिए हर साल ईएलएसएस में निवेश किए जाएं, तो 12 फीसदी के कंजर्वेटिव सालाना रिटर्न के आधार पर भी 35 साल में उसके निवेश की कुल वैल्यू 14.07 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी, जबकि इन 35 वर्षों के दौरान उसकी तरफ से निवेश की गई कुल रकम करीब 91 लाख रुपये होगी। यानी उसे अपने निवेश पर करीब 13 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा होगा। वो भी एंडोमेंट प्लान के मुकाबले दोगुना इंश्योरेंस कवरेज खरीदने के बाद।

### बेहतर कवरेज के साथ हाई रिटर्न

यह कैलकुलेशन किसी खास स्कीम के आधार पर नहीं, बल्कि ऑनलाइन इंश्योरेंस पॉलिसी बेचने वाले पोर्टल पर दिए शुरुआती प्रीमियम के मोटे अनुमान पर आधारित है। इसलिए पॉलिसी खरीदते समय वास्तविक रकम इससे थोड़ी-बहुत अलग हो सकती है। फिर भी टर्म प्लान और एंडोमेंट प्लान के प्रीमियम के बीच भारी अंतर तो बना ही रहेगा। एंडोमेंट प्लान का एक बड़ा नुकसान यह भी है कि भारी प्रीमियम की वजह से कई बार लोग जितना इंश्योरेंस लेना चाहिए, उतना नहीं खरीद पाते हैं, जिसका खामियाजा किसी अनहोनी की हालत में उनके परिवार को उठाना पड़ सकता है। इसीलिए सही रणनीति यही है कि बीमा और निवेश को अलग-अलग रखें, ताकि इंश्योरेंस में सबसे बेहतर कवरेज और इनवेस्टमेंट में हाई रिटर्न, दोनों का पूरा-पूरा फायदा ले सकें। निवेश का अंतिम फैसला करते समय इक्विटी फंड में इनवेस्टमेंट से जुड़े मार्केट रिस्क को भी जरूर ध्यान में रखें।

## खबर संक्षेप



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रोफेसर बलबीर आचार्य।

### योग करने के फायदे बताए

**रोहतक।** एमडीयू के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष वार्षिक शिविर के पांचवे दिन की शुरुआत योगासनों से की गई। प्रोफेसर बलबीर आचार्य ने भारतीय संस्कृति और योग के विषय में व्याख्यान दिया। शाम के सत्र में जागरूक युवा विकसित भारत विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मौके पर डॉक्टर अंजू पंवार, डॉक्टर जितेन्द्र राठी, डॉक्टर रेखा ढींगरा, डॉक्टर विपिन आदि मौजूद रहे।

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत



सीजेएम अनिल कौशिक

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सीजेएम अनिल कौशिक ने बताया कि सम्मानीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मुकदमों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केसों से संबंधित जो पक्षकार सर्वोच्च न्यायालय की विशेष लोक अदालत के सामने अपना पक्ष रखना चाहते हैं वे 28 जुलाई से पहले जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, रोहतक के कार्यालय में हैल्प लाइन पर स्थानीय प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान शिविर और समागम आज

**महम।** संत निरंकारी मंडल द्वारा रविवार 16 जून को कस्बा महम की पंजाबी धर्मशाला में रक्तदान कैंप एवं संत निरंकारी समागम का अयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर सुबह 8 बजे से 11 बजे तक लगाया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र खुराना ने बताया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग किया जाएगा।

### हकृवि में दाखिले के लिए 17 तक आवेदन

**रोहतक।** हिसार स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 17 जून तक आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तारीख 10 जून तय की थी। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि अब 22 जून को होने वाली प्रवेश परीक्षा 30 को होगी।

### गांव दतौड़ में कृष्ण मूर्ति हुड्डा का स्वागत किया

**रोहतक।** पूर्व मंत्री व भाजपा के राज्य प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा का गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा के गांव दतौड़ में स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री अपने समर्थकों के साथ दतौड़ गांव में गए और उन्होंने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनी। नुक्कड़ जनसभा में हुड्डा ने कहा कि पिछली हार का बदला लेने के लिए इस बार कांग्रेस पार्टी ने हर तरह का फार्मूला अपनाया।

## जेएलएन नहर में रोके गए पानी को पहुंचाया जा रहा जलघरों तक

# जलघरों पर पहुंचे एसडीएम, सभी तालाब फुल मिले, सप्लाई में नहीं आएगी दिक्कत

### जल घर संख्या एक और तीन से प्रतिदिन की जा रही एक बार जलापूर्ति

### जल घर संख्या दो से हर रोज दो बार की जा रही जलापूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसडीएम आशीष कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता तरूण गर्ग और अन्य अधिकारियों के साथ जल घरों का दौरा किया। उन्होंने जल घरों में स्टोर किया गया जल भी देखा। उन्होंने कहा कि शहर वासियों के लिए विभाग के जल घरों में पर्याप्त जल है और विभाग हर शहरवासी तक पानी सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रहा है। जेएलएन नहर में पानी को इकट्ठा करके चैनल के माध्यम से जल घरों तक पहुंचाया जा रहा है।

एसडीएम आशीष कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग के जल घर-1 और 3 का दौरा किया। उन्होंने कहा कि जल घर संख्या एक में 13 फुट पानी है। जल घर संख्या के सभी टैंक फुल हैं और जल घर संख्या तीन के चार टैंकों में से तीन टैंक पूरी तरह भरे हुए हैं। जल घर संख्या एक व तीन से प्रतिदिन एक समय जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है तथा जल घर संख्या दो से प्रतिदिन दो बार जलापूर्ति की जा रही है। जेएलएन में रोके गए पानी को भी पंप लगाकर चैनल के माध्यम से जल घरों तक पहुंचाया जा रहा है।



रोहतक। जल घरों का दौराव जल घरों में स्टोर का अवलोकन करते हुए एसडीएम आशीष कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता तरूण गर्ग। फोटो :हरिभूमि



### नहर में रोका पानी

8 जून को नहर बंद होने के बावजूद अभी तक नहर में पानी भरा हुआ है, जिसे जेएलएन नहर में रोका गया है। इस जल को पंपों के माध्यम से जल घरों तक पहुंचाया जा रहा है। आशीष कुमार ने कहा कि जल घर संख्या दो से बूस्टर के माध्यम से प्रतिदिन दो बार जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल घर संख्या तीन से भी शहर के बाहरी क्षेत्र हुडा के सेक्टर तथा बोहर में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। बोहर गांव में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

### महावीर कॉलोनी के प्रभावित उपभोक्ताओं के पेयजल कनेक्शन शीघ्र जोड़े:आशीष कुमार

बिजली निगम के अधिकारियों को जलापूर्ति के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए गए निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि महावीर कॉलोनी में स्टोरम वाटर पाइप लाइन कटने से प्रभावित हुए सभी उपभोक्ताओं के पेयजल कनैक्शन शीघ्र जोड़े जा रहे हैं तथा सड़क को भी दुरुस्त किया जा रहा है। दुर्गा भवन के पास चौक लाइन को भी सक्शन मशीन से खुलवाया जाएगा। बिजली निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल कर जलापूर्ति के समय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें और यदि किसी कारण वश कोई कट लगाया जा रहा है तो उसकी पूर्व सूचना जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दी जाए।



रोहतक। सती भाई सई दास सेवादल द्वारा शहर में विभिन्न जगहों पर शीतल जल की प्याऊ का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर,एमडी एलपीएस बोसार्ड समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन व 1008 महंत रामसुखदास गद्दी नशीन कलानौर । फोटो :हरिभूमि

# शहर में शीतल जल की प्याऊ का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सती भाई सई दास सेवादल द्वारा शहर में विभिन्न जगहों पर 8 शीतल जल की प्याऊ का शुभारंभ किया गया। एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने अपने माता-पिता सुशीला देवी जैन व बिमल प्रसाद जैन की स्मृति में वाटर कूलर आरओ के साथ लगाए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर एवं एमडी एलपीएस बोसार्ड समाजसेवी एवं उद्योगपति राजेश जैन, सिविल सर्जन डॉ. अनिल बिरला, सानिध्य सेवा दल के संरक्षक महंत रामसुखदास गद्दी नशीन कलानौर ने वाटर कलूर व आरओ का शुभारंभ किया। इसके बाद रेडियों स्टेशन चौक पर भंडारा लगाया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के प्रधान नरेशानंद, राजेश सिक्का, गुलशन खुराना, प्रीतपाल भुटाना, अशोक बत्तरा, बच्चन लाल अरोड़ा एडवोकेट, भारत भूषण बाटला, नवीन हुडिया, मोहन मलिक, मोनू मुंजाल, विकास मग्गू, योगेश अरोड़ा टैंट वाले, धीरज चावला, साहिल भुटानी, संजय चुघ, नरेश हुडिया, राजीव जैन, सन्नी निझावन, शीतल, विकास मग्गू, राजन हुडिया आदि उपस्थित थे।

### यहां लगवाए वाटर कूलर

रविदास हॉस्टल आर्य नगर, रैडक्रास बिल्डिंग रेडियो स्टेशन चौक, आईटीआई रेडक्रास, आईसी कॉलेज, हुडा काम्पलेकस, डीएलएफ चौक, रघुनाथ मंदिर लेबर चैक पर सभी जगहों पर सभी अतिथियों ने उद्घाटन किया गया।

**प्रदेश में बनेगी कांग्रेस की सरकारः अडीचन्दः** रोहतक। कांग्रेस नेता अडीचन्द निम्बड़िया ने कहा कि मतदाता विधान सभा के चुनाव की तैयारी में लग जाएं व कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुचाएं। विस चुनाव में हरियाणा कांग्रेस पार्टी बहुमत से जीतेगी। भुपेन्द्र सिंह हुड्डा तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। अड़ीचंद ने कहा कि भाजपा ने दस वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश को बीस वर्ष पीछे धकेल दिया।

# नशे का सेवन नहीं करने का आह्वान

- रेलवे स्टेशन पर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलवे स्टेशन पर शनिवार को नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। ब्रह्मा कुमारीज शीला बायपास चौक केंद्र की इंचार्ज बीके रक्षा दीदी ने स्टेशन पर यात्रियों को व्यसन छोड़ने के लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा उस व्यक्ति के जीवन को, परिवार को, रिश्तों को, धन को नष्ट कर देता है। मोनिका बहन ने आत्मा का परिचय दिया और बताया कि मांस, मीट खाना अर्थात एक जीव हत्या करना है, जैसे मां-बाप को अपने बच्चों की चोट लगने पर दर्द महसूस होता है तो यह जीव जंतु भी जीवित प्राणी हैं, इन्हें भी दर्द होता है। इसलिए मांस, मीट का सेवन न करें। बीके सीमा बहन ने राजयोग मेडिटेशन के द्वारा शांति की अनुभूति कराई और संकल्प कराया कि शरीर रूपी मंदिर में आत्मा चैतन्य मूर्ति है, जिसमें आज के बाद नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे। बीके सीमा बहन ने व्यसन मुक्ति जीवन जीने के लिए शपथ ग्रहण कराई। इस मौके पर एसआई जोगिंदर सिंह, भूपेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र इएसआई, हरिओम, अशोक कुमार, राजेंद्र इएचसी, अनिता, रक्षा देवी, सीमा, मोनिका, वासुदेव आदि मौजूद रहे।



रोहतक। नशा नहीं करने की शपथ ग्रहण करते। फोटो :हरिभूमि

### पाकस्मा निवासी युवक व साथियों पर फॉयरिंग के आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने पाक्समा निवासी युवक व उसके साथियो पर फॉयरिंग की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि पाकस्मा निवासी विक्की ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की। जांच में सामने आया कि विक्की ठेकेदारी का काम करता है। 13 जनवरी को विक्की के दोस्त विक्की निवासी खेड़ी साध के पास सोमबीर, सुनील व सुमित सैंगो का फोन आया। कहा कि सुमित और सुनील ठेकेदार मिलना चाहते है। विक्की अपने दोस्त विक्की, आशिष के साथ उनसे मिलने अस्थल बोहर मस्तनाथ के पास आये। सुनील व सुमित वंहा पर नहीं मिले। आशिष ने सुमित सैंगो के पास फोन कर पूछने लगा तो सुमित उर्फ सैंगो ने गाडी का नंबर पूछा। गाडी का नंबर बताते ही सुमिक सैंगो व उसके दोस्तों ने गाडी पर फॉयरिंग करनी शुरु कर दी। विक्की व उसके दोस्त ने फॉयरिंग होते ही अपनी गाडी को भगा लिया। जांच के दौरान 14 जून को आरोपी राजेश निवासी कागदाना जिला सिरसा को गिरफ्तार किया गया है।

# नशे के खिलाफ किया जागरुक

- पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया विशेष जागरुक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नशा मुक्त भारत पखवाडा के तहत अलग-2 जगहों पर नशे के खिलाफ विशेष जागरुक अभियान चलाया गया। अध्यक्षता एसपी हिमांशु गर्ग ने की। बताया कि विशेष अभियान नशा मुक्त भारत पखवाडा के तहत आम लोगों को नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो के दुष्परिणामों व दुष्प्रभाव बारे बताकर जागरुक किया जा रहा है। आमजन को जागरुक करने का उद्देशय राज्य को नशीली दवाओं, नशीले पदार्थो के खतरे से दूर करना है। अभियान के तहत सभी थाना-चौकी प्रभारी ने अपने-2 एरिया में जाकर लोगों को नशीली पदार्थों व नशे के खिलाफ जागरुक किया।



रोहतक। जागरुक अभियान के दौरान लोगो को नशीले पदार्थो के सेवन की जानकारी देते पुलिस अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### यहां पुलिस ने चलाया अभियान

पुलिस द्वारा झुग्गी झोपड़ी, गांवों में, पार्क इत्यादि स्थानों पर लोगो को ड्रग्स का सेवन, नशीला दवाओं का सेवन, शराब या नशीले पदार्थ के सेवन से दूर रहकर एक स्वस्थ जीवन बताने बारे जागरुक किया। युवाओं को तंबाकू, शराब, गांजा या अन्य नशीले पदार्थो के सेवन ना करने बारे आग्रह किया। नशे से शरीर पर पड़ने वाले दुष्परिणामों बारे विवरण से बताया गया।



रोहतक। साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक व रविंद्र मलिक युवओं के साथ।

### नशा न करने के लिए किया प्रेरित

**रोहतक।** नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत 'नशे को ना/" समिति की अध्यक्ष व साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक व रविंद्र मलिक ने रोहतक से सोनीपत तक साइकिल चलाकर लोगों को नशा न करने के लिए प्रेरित किया। यह जागरूकता साइकिल यात्रा साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक ने सुबह 5:15 बजे रोहतक से आरंभ की और 8 बजे सोनीपत में पहुंच गई। यात्रा के दौरान लगभग हर गांव में साइकिलिस्ट ने खासकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस मौके पर मुख्य कोच बुल्ली, रिटायर्ड आर्मी अधिकारी आजाद सिंह, डॉक्टर अंकित, राजेश कुमार भालोठ, राकेश आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाय विभागों का निजीकरण कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा कर्मचारी महासंघ की वार्ता समिति व संबंधित विभागीय यूनियनों की बैठक कॉमरेड बलदेव सिंह घणघस रोडवेज भवन में संम्पन हुई। संचालन राज्य महासचिव सुनील खटाना ने किया। इस दौरान सरदार निशान सिंह को कार्यकारी राज्य प्रधान बनाया गया।नवनियुक्त राज्य प्रधान निशान सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने की बजाय विभागों का निजीकरण कर रही हैं। सरकार की विभाग व कर्मचारी विरोधी नीतियों से सभी विभागों के कर्मचारियों में बहुत रोष हैं। गत 12 दिसंबर 2023 को ललकार रैली में संगठन से वार्ता करने का भरोसा दिया था। लेकिन आज तक सरकार ने प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए नहीं बुलाया हैं। सरकार की वायदा खिलाफी के विरोध में 29 जून को राज्य स्तरीय कन्वेंशन अंबाला में की जाएगी। सरकार द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया तो 25 जुलाई को सीएम के ग्रह क्षेत्र नारायणगढ़ में महापड़ाव किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए सभी जिलों में यात्राएं भी जाएंगी। बैठक में कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश ग्रेवाल, जयबीर नफरिया, वीरेंद्र काजल मौजूद रहे।



नवनियुक्त राज्य प्रधान निशान सिंह का स्वागत करते हरियाणा कर्मचारी महासंघ के सदस्य।



रोहतक। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित करते । फोटो :हरिभूमि

### नेत्रदानी परिवार को किया सम्मानित

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैलाशवंती धर्मपत्नी अर्जुन दास खुराना के परिवार को उनकी रस्म पगड़ी पर अपने विशेष संदेशवाहक पूर्व नेत्र अधिकारी डॉ दिनेश शर्मा एवं नेत्र अधिकारी डॉ नीरज दुआ के माध्यम से अपना अशोक संदेश एवं प्रशंसा पत्र भेजा। अपने शोक संदेश में डॉक्टर अनिल बिरला ने कैलाशवंती के निधन पर शोक प्रकट किया और परिवार का नेत्रदान करवाने के लिए धन्यवाद किया। पूर्व नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने नेत्रदान के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद 6 घंटे तक हमारी आंखें थोड़े से रखरखाव के बाद प्रयोग में लाई जा सकती है। हमें जल्द से जल्द 108 पर सूचना देनी होती है। नेत्रदान से चेहरे पर कोई कुरूपता नही आती। नेत्रदान एवं नेत्र प्रत्यारोपण कर वाने वालों में बहुत अंतर है हमारी रूढ़िवादी ब्रह्मित विचारों के कारण ही नेत्रदान प्राप्ति नहीं हो रही। हमें अपने परिजन को भगवान की शरण में नेत्रों का दान रूपी धन देकर ही भेजना चाहिए।

## युवा चरित्र निर्माण शिविर युवाओं के जीवन की नई शुरुआत

# वैदिक विचारधारा को अपनाएं युवाः अशोक आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद हरियाणा द्वारा स्वामी इंद्रवेश विद्यापीठ टिटोली में चल रहे पांच दिवसीय युवा निर्माण शिविर में तीसरे दिन मौलिक अध्यापक संघ हरियाणा के महासचिव तथा आर्य युवक परिषद के प्रदेश महामंत्री अशोक आर्य ने कहा कि युवाओं को वैदिक विचारधारा अपनानी चाहिए, क्योंकि इसके द्वारा ही समाज में फैले वैमनस्य को समाप्त कर आपसी भाईचारा सामाजिक सौहार्द स्थापित किया जा सकता है। वैदिक विचारधारा मानव मात्र के लिए है। उसमें कहीं भी जाति संप्रदाय के नाम पर संकीर्णता नहीं है। आज व्यक्ति सिर्फ अपने तक सीमित होता जा रहा है। अगर हम वेद ऋषि दयानंद से जुड़ गए तो फिर से ऋषियों के निर्देशन के सभ्य समझदार समाज की स्थापना हो सकती है। मुख्य वक्ता सार्वदेशिक आर्य युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा प्रवेश आर्या ने कहा जिस प्रकार अग्नि का धर्म जलाना होता है, पानी का धर्म शीतलता होता है, उसी प्रकार मानव का धर्म मानवता होता है। आज मानवता के गुणों को जीवन में धारण करके उसे व्यवहारिक जीवन में परिवर्तित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर युवाओं के जीवन की एक नई शुरुआत हैं। बहन प्रवेश आर्या को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य व्यायाम आचार्य सहसरपाल आर्य ने कहा कि योग को अपने जीवन में अपनाने के बाद व्यक्ति कभी असफल नहीं हो सकता है।





### ये रहे मौजूद

आचार्य सहंसरपाल आर्य के संयोजन में युवाओं ने उत्कृष्ट व्यायाम प्रदर्शन की तैयारी की। शिविरार्थियों ने योगासन के स्तूप, कुर्सी पर कठिन आसन, लाठी चलाना, जुडो-कराटे, व्यायाम आदि की कलाएं सीखी। उत्तम आर्य आर्य, शिविर के निदेशक सज्जन राठी, उप प्रधान प्रदीप, अजीतपाल, जगफुल ढिल्लों, रजनेश कुंडू ने भी विचार रखे। इस मौके पर प्रांतीय कोषाध्यक्ष अजय आर्य, हरपाल आर्य, डॉ. रामबीर फौगाट, राजबीर वशिष्ठ, डॉ. नारायण, जयपाल आर्य, सुरेंद्र आर्य, सत्यवीर आर्य, गुलाब सिंह आदि उपस्थित रहे।

### लू से बचने के लिए बरतें सावधानी, पक्षियों का भी ध्यान रखेंः उपायुक्त

**रोहतक।** प्रदेश में तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है और हीट-वेव (लू) भी चल रही है। मौसम विभाग ने अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिसके अनुसार नागरिकों को बचाव में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। नागरिकों को पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि वे उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। अगर बीमारी महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। इसके अलावा जहां अक्सर पक्षी आते हैं, वहां पर पानी का उचित प्रबंध करें ताकि प्यास लगने पर पक्षी पानी पी सकें। अत्याधिक गर्मी के चलते पक्षियों को बार-बार प्यास लगना स्वाभाविक है।



रोहतक। रनर्स ग्रुप के सदस्य धावक चंद्रपाल बनवाला साथियों के साथ।

### चंद्रपाल बनवाला ने 57 किलोमीटर की दौड़ लगाई

**रोहतक।** रोहतक रनर्स ग्रुप के सदस्य धावक चंद्रपाल बनवाला ने अपने 57वें जन्म दिवस पर शनिवार को छोटू राम स्टेडियम में 57 किलोमीटर दौड़ लगाई । उन्होंने सुबह 2:00 बजे दौड़ की शुरुआत की और 4 घंटे 54 मिनट में दौड़ समाप्त की । रोहतक रनर्स ग्रुप के अन्य धावकों बिमला बनवाला, रामफल फोगाट, अरविंद पाल दहिया, आनंद दलाल, जितेंद्र हुड्डा, निशांत, नितिन दांगी, तुलसी लखेड़ा, रविंद्र, प्रवेश, नैंसी, बलराज, हरकिशन अत्री, अजय मलिक, रमेश हुड्डा, अमित कादियान और धर्म सिंह आदि ने भी अलग-अलग समय पर चंद्रपाल का इस दौड़ में साथ दिया।

## खबर संक्षेप



### मीठे पानी की छबील लगाई

**रोहतक।** सुनारिया रोड पर गोकुल कॉलोनी के पास शनिवार को मीठे पानी की छबील लगाई गई। दुर्गा टेंट हाउस के सहयोग से यह छबील लगाई गई। जोगेंद्र, अनिल ने कहा कि गर्मियों में पानी की सेवा करने से पुण्य मिलता है। इस मौके पर दीपक, मोनू, अनिल, टोनू, अशीष, मुकेश, बबलू, बिजेंद्र धनखड़, पोर, बुल्ला आदि मौजूद रहे।

### भाजपा की हलका स्तरीय बैठक महम काठमंडी में आज

**महम।** 16 जून को सुबह 11 बजे काठमंडी स्थित बाल्मीकि धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी के महम, लाखनमाजरा व बहुअकबरपुर मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की जाएगी। महम मंडल अध्यक्ष रोहतास सरपंच ने सभी कार्यकर्ताओं से बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### स्कूटी चोरी की वारदात में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने स्कूटी चोरी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।
पीजीआईएमएस थाना प्रभारी जसवंत ने बताया कि गांव सुडाना निवासी विपिन ने शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि 12 जून को विपिन दिल्ली रोड पर स्थित डोमिनोज आया हुआ था। विपिन अपनी स्कूटी को डोमिनोज के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। वापिस आने पर उसे अपनी स्कूटी नहीं मिली।

### पैसे इन्वेस्ट करवाने का झांसा देकर 50 हजार ठगे

**महम।** फरमाणा गांव के एक व्यक्ति के साथ मार्केट में पैसे इन्वेस्ट करवाने और उसके बाद प्रोफिट देने का लालच देकर 50 रुपए की ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा खास गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि उसके पास एक व्हाट्सएप कॉल आई। सामने वाले ने उसको कहा कि वे मार्केट में पैसे इन्वेस्ट करवाते हैं और आपको प्रोफिट भी दिलाएंगे।

## 12 जून को किया था डीसी ने दौरा, नहीं सुधरे हालात

# माल गोदाम रोड पर सीवर फिर ब्लॉक सड़कों पर जमा पानी, व्यापारियों में रोष

कई माह से सीवर समस्या से लड़ रहे हैं व्यापारी, व्यापार को हो रहा भारी नुकसान


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के प्रमुख बाजार माल गोदाम रोड पर सीवर सिस्टम फेल हो गया है। कई माह से आवाज उठाने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पा रहा। शनिवार को फिर से सीवरों से निकला हुआ गंदा पानी और गोबर सड़कों पर भर गया। जिससे दिन भर लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। पैदल राहगीर इन सड़कों को देखकर दूसरे रास्तों पर चले गए। हैरानी की बात यह है कि व्यापारी समस्या का समाधान करवाने के लिए तीन माह से आंदोलन की राह पर हैं। वह एक दिन बाजार में धरना तक दे चुके हैं। साथ ही तीन दिन पहले ही डीसी अजय कुमार ने सरकारी अमले के साथ निरीक्षण कर समाधान के आदेश दिए थे। दुकानदारों का कहना है कि समस्या की वजह से व्यापार भी ठप्प हो चुका है।

माल गोदाम रोड निवासी संजय कुमार, सुरेश शर्मा, अशोक शर्मा, राजाराम, अनिल कुमार, रामलुभाया, श्रीभगवान, रमन, राम अवतार व श्रीराम ने बताया कि वे कई माह से सीवर ब्लॉक होने की समस्या से जूझ रहे हैं। सीवर से निकलने वाला गोबर और गंदा पानी गलियों में भरा रहता है। जिला प्रशासन, नगर निगम को शिकायत दी गई है। उपायुक्त भी मौके का निरीक्षण कर चुके हैं। इसके बाद भी पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। पैदल लोगों का आना जाना बंद हो गया है। वह बिना वाहन के सड़कों से नहीं गुजर सकते। महिलाओं, बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी सड़क पर जमा होने की वजह से ग्राहक बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कारोबार ठप्प होने के कगार तक पहुंच गया है। दुकानदारों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब वे इस समस्या से मुक्त होने के लिए कहां जाए, उनकी समझ से परे है।



**रोहतक।** माल गोदाम रोड पर भरा गंदा पानी व गोबर ।





### डेयरियों को बताया जा रहा कारण

माल गोदाम रोड पर सड़कों पर पानी भरने के लिए पशु डेयरियों को कारण माना जा रहा है। इस वजह से नगर निगम ने हाल ही में डेयरी संचालकों को नोटिस थमाए थे। उन्हें पिट और चैम्बर बनाने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अभी तक आदेशों की पालना नहीं हो पाई है। डेयरियों से निकलने वाला गोबर माल गोदाम रोड, पुराना बस अड्डा, भिवानी स्टैंड, शौरी मार्केट सहित आसपास के एरिया के सीवर जाम कर रहा है।

### डीसी भी पहुंचे थे मौके पर

विगत 12 जून को ही डीसी अजय कुमार ने मामले की जानकारी मिलने के बाद माल गोदाम रोड का निरीक्षण किया था। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम को सख्त आदेश जारी किए थे कि सीवर की समस्या का समाधान करवाएं। उन्होंने इसी दिन रेलवे क्वार्टर एरिया व विशाल नगर एरिया का भी दौरा कर सीवर ब्लॉकेज की समस्या के निवारण के आदेश दिए थे।

## व्यापारियों की मांग चौराहे पर लक्ष्मी चन्द गुप्ता की मूर्ति लगाई जाए



**रोहतक।** शौरी क्लॉथ मार्केट में हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की पुण्यतिथि पर उनके चित्र का पुष्प अर्पित करते हुए दुकानदार।

- हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष को पुण्यतिथि पर याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय लक्ष्मी चंद गुप्ता की 20वीं पुण्यतिथि शौरी क्लॉथ मार्केट में मनाई गई। लक्ष्मी चन्द गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट, हरियाणा व्यापार मंडल द्वारा पुष्पांजली सभा का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने बताया कि लक्ष्मी चन्द गुप्ता हरियाणा बनने से पहले संयुक्त पंजाब के समय से व्यापार मंडलों से जुड़े रहे। वे क्रांतिकारी विचारों के व्यक्ति थे। व्यापारियों ने सरकार से मांग की है कि शांतमई चौक या शहर के किसी दूसरे चौराहे पर जनप्रिय व्यापारी नेता की मूर्ति लगाई जाए। इस मौके पर पूर्व सहकारिता मंत्री एवम मनीष ग्रोवर ने कहा कि हरियाणा की 1966 से लेकर 2004 तक जितनी भी सरकारें बनी उन सरकारों के मुख्यमंत्रियों ने गुप्ता को प्रलोभन देने की चेष्ठा की, लेकिन गुप्ता व्यापारी हितों के लिए न झुके, न बिके ओर न रुके। गुप्ता ने व्यपारियों को अपने हितों के लिए सरकारों से लड़ना सिखाया, अफसरों के सामने बोलना सिखाया। इस अवसर पर गुप्ता के बेटे और हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय लक्ष्मी चन्द गुप्ता ने बताया कि लक्ष्मी चन्द गुप्ता आज 20 वर्ष गुजर जाने पर भी हरियाणा के व्यापारियों के दिलों पर राज करते हैं। न केवल व्यापारियो अपितु सभी राजनेतिक दलों के नेताओ तथा सामाजिक संस्थाओ पर भी अपनी कार्यशैली की छाप जो छोड़ी उसे आज भी समाज, राजनेतिक नेता तथा व्यापारी वर्ग सच्चे मन से याद कर उन्हें भाव भीनी श्रदांजलि देकर याद करता है। इस अवसर पर स्वामी परम चैतन्य, बाबा सूखा शाह, देवराज नांदल, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के पूर्व रजिस्ट्रार मदन गोयल, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के पूर्व महासचिव चन्द्र गर्ग, सति भाई सांई सेवा दल के प्रधान नरेश आनन्द, सरपरस्त राकेश सिक्का, बाबा कर्ण पुरी अजय बंसल, शोरी क्लॉथ मार्केट के प्रधान गुलशन ईशपुनियानी, मदन हरजाई, राजीव बेरीवाल, सूरजमल किलोई, दीपू नागपाल आदि मौजूद रहे।

## सांघी में हुआ बिमल प्रसाद एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथेरेपी सेंटर का उद्घाटन

- निशुल्क नेत्र जांच और दवाई, चश्मा वितरण शिविर भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

समस्त सांघी ग्रामवासी व मां दानों देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा गांव सांघी नजदीक बस अड्डा के पास एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन ने अपने माता पिता सुशीला देवी जैन व बिमल प्रसाद जैन फिजियोथेरेपी एवं रिहैविलिटेशन सेंटर का उद्घाटन किया। इसके साथ साथ नेत्र जांच एवं निशुल्क चश्में व दवाई वितरित की गई।



**रोहतक।** बिमल प्रसाद जैन फिजियोथेरेपी एवं रिहैविलिटेशन सेंटर का उद्घाटन करते हुए एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज, कुलदीपानंद ब्रह्माचारी, स्वामी सच्चिदानंद व संत अमरदास।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया उद्घाटन एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, नवनीत हुड्डा व तसवीर सिंह ने महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी परमानंद महाराज, कुलदीपानंद ब्रह्माचारी, स्वामी सच्चिदानंद, संत अमरदास, योगी विशालनाथ के सानिध्य में रिबन काट कर किया। फिजियोथेरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं। सेंटर पर ग्रामवासियों ने इलाज भी करवाया। राजेश जैन को महावीर जैन की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। फिजियोथेरेपी सेंटर पर डॉक्टर परमजीत, डॉ. ज्योति, डॉ. जतिन द्वारा इलाज किया जाएगा। इस केंद्र का संचालन मां दानों देवी धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा किया जाएगा तथा इसमें सहयोगी संस्था सुविषा सोसाइटी रहेगी।

## सैनी को-एजुकेशन कॉलेज और सैनी इंस्टीट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन की प्रबंधक कमेटी का चुनाव आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सैनी को-एजुकेशन कालेज एवं सैनी इंस्टीट्यूट ऑफ गर्ल्स एजुकेशन की प्रबंधक कमेटी का चुनाव आज होगा। चुनाव सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक तक सैनी सीनियर सेकेंड्री स्कूल के मुख्य हाल में होंगे। चुनाव अधिकारी डॉ. राज कुमार व डॉ. तिलक राज ने बताया कि चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रधान, उप-प्रधान, महासचिव व कैशियर के पद के लिए दो पैनल के सदस्यों के बीच चुनाव होगा। 100 कॉलेजियम सदस्य अपने मत का प्रयोग करेक इन पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे।



**रोहतक।** मीटिंग को सम्बोधित करते हुए चुनाव अधिकारी।

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से डॉ. सुमित गिल व डॉ. रणदीप राणा आब्जरवर के रूप में चुनाव के दौरान उपस्थित रहेंगे। वोट डालने के लिए फोटो युक्त पहचान पत्र लेकर आना होगा और पोलिंग बूथ पर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं चुनाव होने के बाद मतों की गिनती करके परिणाम घोषित किए जायेंगे।

### प्राथमिक उपचार के बारे में दी जानकारी

**रोहतक।** जीवन में बचाव में ही बचाव है। चाहे स्वास्थ्य का मामला हो, या फिर आपदा प्रबंधन का है, बचाव तथा सुरक्षा कवच जीवन दायिनी होती है। ये बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शनिवार को विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान आयोजित प्राथमिक उपचार तथा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कही। कुलपति ने यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर्स को शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने को कहा ताकि वे जरूरत के समय आमजन की मदद कर सकें। उन्होंने सामाजिक तथा सामुदायिक कार्यों के प्रति जुनून (पैशन) तथा मन में करुणा (कम्पैशन) की भावना हमेशा बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम समन्वयिका प्रो. अंजू धीमान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### क्रेडिट कार्ड चालू करवाने का झांसा देकर 90 हजार 596 रुपये की ठगी

- क्रेडिट कार्ड दोबारा चालू करवाने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करने को कह कर की ठगी

**महम।** सीसर खास गांव के एक व्यक्ति से क्रेडिट कार्ड चालू करवाने के नाम पर झांसे में लेकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने 90 हजार 596 रुपए की ऑनलाइन ठगी कर ली। महम थाने में दी शिकायत में सीसर खास गांव निवासी प्रवीण कुमार ने बताया कि शाम पांच बजे एसबीआई कस्टमर केयर सर्विस के यहां से एक मोबाइल नंबर से उसके पास एक कॉल आई। जिसमें बताया गया कि उसका क्रेडिट कार्ड एसबीआई द्वारा ब्लॉक कर दिया गया है। इसको दोबारा चालू करवाने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करके दोबारा से इसे चालू करें। इस तरह उसने एक बार 51 हजार 475 रुपए व दूसरी बार 39 हजार 121 रुपए वन मोबाइल वर्क्स सिस्टम प्राइवेट गुड़गांव में ट्रांसफर कर लिए और कहा कि 72 घंटे के बाद चालू करके राशि आपके खाते में डाल दी जाएगी। बाद में पता चला की उसके साथ फ्रॉड हो गया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत भैयापुर के लाभार्थियों को 100 गज के प्लॉट का मालिकाना हक मिला

- विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने 12 लाभार्थियों को उन्हें अलॉट किए गए प्लॉटो का दिया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला प्रशासन द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत आज ग्राम पंचायत भैयापुर के 12 लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लॉट का मालिकाना हक व कब्जा प्रदान किया गया। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2008 में हरियाणा सरकार द्वारा घोषित महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जिन लाभार्थियों को जिनका नाम 2008 की लाभार्थियों की सूची में था और उन्हें किसी कारणवश अब तक कब्जा नहीं मिला था, उन्हें कब्जा देने हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और हरियाणा विकास एवं पंचायत मंत्री की उपस्थिति में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम 10 जून 2024 को जिला सोनीपत में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में चार जिलों ने भाग लिया जिसमें रोहतक जिला भी सम्मिलित था। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा आज रोहतक खंड के गांव भैयापुर ग्राम पंचायत में सभी लाभार्थियों को उनके प्लाटों का कब्जा दिया गया, जिन लाभार्थियों को कब्जा दिया गया उनमें शीला पत्नी कृष्ण, सुनील पुत्र सुरेश, सोनिया पत्नी राजेश, प्रेम देवी पत्नी जागेराम, सावित्री पत्नी कृष्ण, दर्शना पत्नी जगदीश, कमलेश पत्नी महावीर, परमेश्वरी पत्नी महिपाल, ज्योति पत्नी संदीप, सविता पत्नी प्रेमप्रकाश और भरपाई पत्नी राजेंद्र दीपू शामिल है।





**रोहतक।** गांव भैयापर के गरीब परिवारों को प्लॉट का कब्जा देते हुए अधिकारी

## हेमंत बक्शी की अध्यक्षता में लिया फैसला, जल्द फील्ड में नजर आएगी टीम

# रोटरी क्लब हार्मनी अब लोगों तक पानी के टैंकर भी पहुंचाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी की मीटिंग सोनीपत रोड स्थित एक निजी होटल में नरेश मित्तल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी के अध्यक्ष हेमंत बख्शी ने किया। मीटिंग के दौरान उपस्थित सदस्यों ने क्लब की गतिविधियों को लेकर चर्चा की। साथ ही क्लब द्वारा आगामी समय के प्रोजेक्ट को लेकर विचार विमर्श किया। मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति से चार प्रस्ताव पारित किए गए, जिनकों लेकर काम किया जाएगा। क्लब पौधरोपण करेगा और जहां पानी किल्लत है, वहां टैंकर भी भेजेगा। रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी के अध्यक्ष हेमंत बख्शी ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ हार्मनी का उद्देश्य समाजहित के कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग लेना है। समाज हित को ध्यान में रखते हुए क्लब की तरफ से कई मुहिम चलाई जा रही है, जिनका लोग लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मीटिंग के दौरान सर्वसम्मति निर्णय लिया कि आने वाले समय में बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। आने वाले सावन के महीने में इस मुहिम को सिरे चढ़ाते हुए हजारों की संख्या में पौध रोपित की जाएगी, जिनकी देखरेख कर उनको बड़ा करने की जिम्मेदारी लोगों को दी जाएगी।




**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी के अध्यक्ष हेमंत बख्शी व अन्य पदाधिकारी।

### पानी की समस्या नहीं होने देंगे

हेमंत बख्शी ने कहा कि क्लब की तरफ से ऐसे स्थान चिंहित किए जा रहे हैं, जहां पानी की कमी है। ऐसे स्थानों पर क्लब अपने खर्चे पर पानी के टैंकर रोजाना भेजना सुनिश्चित करेगा, ताकि पानी की कमी के कारण लोग परेशान न हो। उन्होंने बताया कि महिलाओं में सर्विकल कैंसर की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। क्लब की तरफ से महिलाओं में सर्विकल कैंसर की जांच के लिए कैंप की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही इंटरनेशनल रोटरी क्लब की सर्विकल कैंसर के लिए चलाई जा रही वैन का सहयोग भी लिया जाएगा, जो कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के अंदर सर्विकल कैंसर की जांच करेगी।

### रोटरी क्लब ऑफ हार्मनी स्थापित करेगी महिला विंग

हेमंत बख्शी ने कहा कि महिला अपने बीमारियों को लेकर या समस्याओं को लेकर पुरुषों से खुलकर बात नहीं कर पाती। ऐसे में क्लब की एक महिला विंग की जरूरत महसूस हो रही है। मीटिंग के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने क्लब की महिला विंग शुरू करने के लिए सहमति दी। जल्द ही क्लब की तरफ से एक महिला विंग स्थापित की जाएगी, जो महिलाओं के बीच जाकर उनकी समस्याओं पर खुलकर बात कर सकती हैं और उनकी बेहतरी के लिए क्लब की तरफ से कदम उठाए जा सकेंगे।